हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 8 जनवरी 2026

04 बच्चों से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों, पोषण ...



07 दूसरे दिन भी प्रशासन का महकमा अतिक्रमण हटाता हुआ...





## समाचार संक्षेप

### एसडीएम राघौगढ ने किया जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण



**राघौगढ़।** अनुविभागीय अधिकारी राघौगढ अमित सोनी द्वारा बुधवार को राघौगढ़ के जल शोधन संयंत्र (फिल्टर प्वाइंट)का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पानी की शुद्धता की जांच की तथा लैब टेक्नीशियन को निर्देशित किया कि पानी की जांच प्रतिदिन होना चाहिए एवं फिटकरी तथा ब्लीचिंग पाउडर भी पर्याप्त मात्रा में डालना चाहिए। इस अवसर पर न पा सीएमओ तेज सिंह यादव,उपयंत्री विशाल बाबू शर्मा, सेनेटरी इंस्पेक्टर कीर्ति सिंह एवं नपा अमला उपस्थित रहा।

### आज विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना।** सहायक प्रबंधक शहर म.प्र.म.क्षे.वि.वि.क.लिमि. ने बताया कि 33/11 के.व्ही. बूढेब्रालाजी सब-स्टेशन आरडीएसएस योजनांतर्गत कार्य होने से दिनांक 08 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक पुरानी छावनी, सकतपुर रोड, हरिपुर रोड, सरस्वती बिहार, बूढे बालाजी, पवन कॉलोनी, हाउसिंह बोर्ड एवं मरघट शाला के पास,श्री हनुमान टेकरी, शिवपुरम कॉलोनी, न्यू टेकरी रोड, बूढेबालाजी वाले क्षेत्र, पिपरोदा तथा सकतपुर फीडर से संबधित क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उक्त विद्युत काटोत्री को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता हैं।

### गोबर-गोमूत्र से खाद, गीत से संदेश और गायों से आय, कलेक्टर ने देखा आत्मनिर्भरता का मॉडल

**गुना ।** कृषक जागरूकता को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने तहसील आरोन के ग्राम भौरा मे उन्नत कृषक श्री रघुवीर सिंह से भेंट कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती के नवाचारों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ब्रह्मास्त्र, जीवामृत सहित गोबर व गौमूत्र से तैयार विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक खाद एवं जैविक दवाओं को देखा। उन्नत कृषक द्वारा बताया गया कि प्राकृतिक खेती में किसी प्रकार का अतिरिक्त खर्च नहीं आता, क्योंकि घर पर उपलब्ध गाय, गोबर और गौमूत्र से ही खाद एवं कीट नियंत्रण की दवाइयां तैयार की जाती हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में उत्पादन में कुछ कमी आती है, लेकिन फसल की गुणवत्ता बेहतर, रोगमुक्त एवं पोषक होती है, जिसके दीर्घकालीन लाभ होते हैं स्वास्थ्य पर। इस अवसर पर कृषक द्वारा गीत के माध्यम से प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जिसे कलेक्टर ने सराहा।गौ-पालन और जैविक खाद से बढ़ेगा किसानों का लाभनिरीक्षण के दौरान एक कृषक ने सहवाल नस्ल की गाय के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वह एक समय में लगभग 8 लीटर दूध देती है। इस पर कलेक्टर श्री कन्याल ने प्रेरणा लेते हुए जिले के कृषकों से उन्नत नस्ल के गौ-पालन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया।इसके पश्चात कलेक्टर ने गोलजी धाम गौशाला का भ्रमण किया। गौशाला में उपलब्ध गोबर की मात्रा को देखते हुए कृषि विभाग के संचालक द्वारा सुझाव दिया गया कि इसमें केंचुए डालकर वर्मी-कंपोस्ट खाद तैयार की जा सकती है, जिसकी बाजार में अच्छी मांग है और इससे अतिरिक्त आय का स्रोत विकसित हो सकता है। इस दौरान गोशाला के बेहतर संचालन के लिए पानी की व्यवस्था को लेकर सुझाव दिया गया जिस पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग को बोरवेल करने के लिए निर्देशित किया। इसके उपरांत उन्होंने गायों को गुड़ खिलाकर स्नेहपूर्वक दुलार किया। कलेक्टर ने कहा कि प्राकृतिक खेती, गौ-पालन और जैविक खाद का यह मॉडल अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक है और इसे अपनाकर किसान कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### 46 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त, गैस एजेंसी पर प्रकरण दर्ज किया



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत आम जनता को घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा उनके व्यावसायिक दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय के निर्देशन में कार्रवाई की गई। इस दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी, इन्दु शर्मा, खुशबू शुक्ला एवं शिवराम सिंह कुशवाह द्वारा मेसर्स सतगुरु भारत गैस एजेंसी, खैराड़ (मधुसूदनगढ़) की जांच की गई। जांच में पाया गया कि संबंधित गैस एजेंसी द्वारा गुना नगर क्षेत्र में बिना वैध कागजात के घरेलू गैस सिलेंडरों का संग्रह किया जा रहा था।निरीक्षण के समय श्रीराम कॉलोनी स्थित मेडिकल बगीचा, गुना में वाहन क्रमांक MP06 GA 0289 में 46 घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से संग्रहित पाए गए। सतगुरु गैस एजेंसी के सहायक प्रबंधक धर्मेन्द्र किरार द्वारा सिलेंडरों से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण उक्त सिलेंडरों को अवैध मानते हुए जप्त कर लिया गया। जिनका अनुमानित मूल्य 01 लाख 38 हजार रूपये हैं।गैस एजेंसी संचालक/प्रबंधक के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है, जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है।जांच दल में जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय सहित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी, इन्दु शर्मा, खुशबू शुक्ला एवं शिवराम सिंह कुशवाह शामिल थे। घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# शासन की योजनाओं के समस्त कार्य समय-सीमा में निपटाएं: सीईओ

### 4 को प्रशंसा पत्र, 4 का वेतन काटने और 1 को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में योजना के कार्यों की पंचायतवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे ने सर्वप्रथम मनरेगा योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए ₹एक बगिया माँ के नाम₹ अंतर्गत सिपरी पोर्टल पर लेबर पर आरोन में 116.05 लाख के विरुद्ध 9.70 लाख का व्यय, बमोरी में 113.08 लाख के विरुद्ध 9.98 लाख का व्यय, चांचौडा में 125.16 लाख के विरुद्ध 9.40 लाख का व्यय, गुना में 114.41 लाख के विरुद्ध 7.41 लाख का व्यय एवं राघोगढ़ में 142.74 लाख के विरुद्ध 9.75 लाख का व्यय किया गया है।

इसी प्रकार सामग्री पर आरोन में 153.49 लाख के विरुद्ध 58.18 लाख का व्यय, बमोरी में 150.93 लाख के विरुद्ध 59.65 लाख का व्यय, चांचौडा में 163.40 लाख के विरुद्ध 48.24 लाख का व्यय, गुना में 153.29 लाख के विरुद्ध 57.48 लाख का व्यय एवं राघौगढ़ में



138.58 लाख के विरुद्ध 52.08 लाख का व्यय किया जाना पाया गया। जिस पर सीईओ जिला पंचायत ने सभी निर्माण कार्यों पर 100 प्रतिशत लेबर लगाने के निर्देश दिये। सीईओ जिला पंचायत श्री दुबे ने लंबित हितग्राहियों की समग्र ई-केवायसी कराने के निर्देश दिये। साथ ही एसएनए पोर्टल पर लंबित 172.04 लाख के भुगतान की कार्यवाही पूर्ण कराने, जल गंगा संवर्धन के प्रगतिरत कार्य तथा गौशाला के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश समस्त जनपद सीईओ को दिये।

उन्होंने 'एक बगिया मां के नाम' में प्रगति न बढ़ाने के कारण जनपद पंचायत गुना के उपयंत्री एम.एल. नरबरिया एवं धर्मराज भूरिया की 2-2 दिवस वेतन, जनपद पंचायत राघौगढ़ के उपयंत्री श्री रहीश कुरेशी की 01 दिवस की वेतन काटने के तथा जनपद पंचायत गुना के उपयंत्री श्री नीतेश मंगल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये। वहीं 'एक बगिया मां के नाम' में प्रगति बढ़ाने के लिये जनपद पंचायत आरोन के उपयंत्री श्री राजेश शर्मा, जनपद पंचायत बमोरी के उपयंत्री श्री एस.एस. दादौरिया एवं जनपद पंचायत गुना के उपयंत्री श्री सुखवीर रघुवंशी को प्रशंसा पत्र जारी करने के भी निर्देश दिये। सीईओ जिला पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत तृतीय किश्त प्राप्त पीएम जनमन के लंबित आरोन के 30, बमोरी के 60, चांचौडा के 8, गुना के 187 एवं राघौगढ़ के 89 हितग्राहियों के आवास आगामी पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित उपयंत्री एवं ब्लॉक समव्यक प्रधानमंत्री आवास को दिये गए।

## गुना में शीतलहर का तीखा वार, कोहरे ने थाम दिया कामकाज

# सीजन का सबसे कम तापमान 6.4 पर पारा, जनजीवन ठिठुरा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जिले में कड़ाके की ठंड ने पूरी तरह दस्तक दे दी है। बुधवार, 7 जनवरी की सुबह जिले में इस सर्दी के मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण जिले में शीतलहर का असर साफ नजर आ रहा है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है।

### 24 घंटे में पारा एक डिग्री लुढ़का

मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो मात्र 24 घंटों में 1.0 डिग्री की गिरावट के साथ बुधवार सुबह 6.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह इस सर्दी के मौसम का अब तक का सबसे न्यूनतम स्तर है। तापमान में आई इस अचानक गिरावट से सुबह और देर रात ठिठुरन तेज हो गई है।



### 97% आर्द्रता, ओस और हल्का कोहरा

तापमान गिरने के साथ ही सुबह के समय हवा में नमी का स्तर 97 प्रतिशत तक पहुंच गया। हालांकि राहत की बात यह है कि फिलहाल घना कोहरा या स्मॉग नहीं है। आसमान साफ रहने के कारण रात में रेडिएशन कूलिंग का प्रभाव बढ़ गया है, जिससे ठंड का तीखापन और ज्यादा महसूस हो रहा है। रात के अंतिम पहर और तड़के हल्का कोहरा छा रहा है, जिससे दृश्यता पर आंशिक असर पड़ रहा है, जबकि दिन में धूप निकलने से कुछ राहत मिली है।

### देर रात और सुबह अलाव का सहारा

दिन में भले ही तेज धूप लोगों को थोड़ी राहत दे रही हो, लेकिन सूरज ढलते ही बर्फीली हवाएं चलने लगती हैं, जिससे लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए शहर और ग्रामीण इलाकों में लोग देर रात और सुबह अलाव जलाते नजर आ रहे हैं।

### फसलों के लिए फायदेमंद, पर पाले का खतरा

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह ठंड रबी की फसलों, खासकर गेहूं और चने के लिए अनुकूल मानी जा रही है। हालांकि तापमान में लगातार गिरावट से पाले (फ्रॉस्ट) पड़ने की आशंका भी बढ़ गई है, जिससे किसानों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### आगे और बढ़ सकती है सर्दी

मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि आगामी दो से तीन दिनों तक आसमान साफ बना रहेगा, जिसके चलते न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। प्रशासन ने बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने, सुबह-शाम बाहर निकलने से बचने और पर्याप्त गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है।कुल मिलाकर, गुना जिले में सर्दी अब अपने चरम की ओर बढ़ती नजर आ रही है, और आने वाले दिन ठिठुरन और बढ़ा सकते हैं।



## सीएमओ खत्री के नेतृत्व में नपा की बड़ी कार्रवाई, चायनीज मांझा व मशीनें जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिकापरिषद गुना द्वारा प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री के नेतृत्व में चायनीज मांझे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान नई सड़क क्षेत्र में विभिन्न दुकानों पर नगरपालिका के अतिक्रमण दस्ते द्वारा छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान चायनीज मांझा एवं चायनीज मांझा बनाने की मशीनें जप्त की गईं।

इसके साथ ही संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की गई।सीएमओ मंजुषा खत्री ने बताया कि विगत दिनों चायनीज मांझे के कारण एक बच्चे की गर्दन कटने की गंभीर घटना सामने आई थी, जिसके बाद इसके उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यदि कोई दुकानदार चायनीज मांझा बेचते हुए पाया गया, तो उस पर कठोर कार्रवाई होगी।

उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि पतंगबाजी में चायनीज मांझे का उपयोग न करें, जिससे किसी भी व्यक्ति, पशु या पक्षी को नुकसान न पहुंचे।

## खेजराचक में फिर दहला पारदी समाज अंतिम संस्कार के दौरान हुई फायरिंग

### महिला मोरबाई पारदी को सीने में गोली लगी, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम खेजराचक में पारदी समाज के दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश एक बार फिर खूनी संघर्ष में बदल गई। बुधवार दोपहर अंतिम संस्कार के दौरान गोलियां चलने से गांव दहशत में आ गया। इस फायरिंग में खेजराबाई पारदी निवासी 50 वर्षीय मोरबाई पारदी के सीने में 315 बोर की गोली लगी। परिजन उसे गंभीर हालत में शहर के एक निजी अस्पताल लेकर आए, जहां उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है।घटना दोपहर करीब 12 से 1 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित परिवार अपने घर की बुजुर्ग महिला झुमरबाई पारदी का अंतिम संस्कार करने खेजराचक गया था। सुबह तबीयत बिगडऩे से उसका निधन हो गया था। जैसे ही परिजन अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटे, तभी रामपूजन पारदी गैंग के आधा दर्जन से ज्यादा लोग मौके पर पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। पीड़ित परिवार के अनुसार आरोपियों में रामपूजन पारदी के साथ ओम, कृष्णा, वीरेंद्र, अंबर, राजवीर, युवराज, धनराज सहित 15-16 लोग शामिल थे।



## मीसाबंदी, लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्व. किशोरी लाल चौरसिया को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मीसाबंदी, लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय किशोरी लाल चौरसिया के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। उनके पार्थिव शरीर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, लोकतंत्र सेनानियों एवं आम नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।स्व. चौरसिया का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा ध्वज के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक संगठन एवं विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए।श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्व. किशोरी लाल चौरसिया ने आपातकाल के कठिन दौर में लोकतंत्र की रक्षा के लिए साहसपूर्वक संघर्ष किया। समाजसेवा और राष्ट्रहित के कार्यों में उनका जीवन समर्पित रहा। उनके द्वारा किए गए अमूल्य योगदान को समाज सदैव स्मरण रखेगा और इसके लिए हम सभी उनके प्रति कृतज्ञ रहेंगे।इस अवसर पर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा शोक संतप्त परिवारजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करते हुए उन्हें सांत्वना दी गई।स्व. किशोरी लाल चौरसिया का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए लोकतंत्र, त्याग और सेवा की प्रेरणा बना रहेगा।





## कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने एकीकृत शाला झाझोन का किया निरीक्षण

# शैक्षणिक गुणवत्ता, ई-अटेंडेंस व नवाचारों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आरोन तहसील अंतर्गत एकीकृत शाला शासकीय विद्यालय झाझोन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों से संवाद कर ई-अटेंडेंस प्रणाली की जानकारी ली तथा विद्यालय में दर्ज बच्चों की संख्या एवं नियमित उपस्थिति की स्थिति की समीक्षा की।

कलेक्टर श्री कन्याल ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों को ऐसी गुणवत्तापूर्ण एवं व्यवहारिक शिक्षा दी जाए, जिससे वे शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ सकें। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर के सामने "एक बगिया मां के नाम" अंतर्गत विकसित बगिया का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि इस बगिया में लगाए गए फलदार पौधे विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वयं लगाए गए हैं, जो पर्यावरण संरक्षण एवं बच्चों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।इसके उपरांत कलेक्टर श्री कन्याल ने निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उपस्थित कृषकों से संवाद किया एवं जरूरतमंद कृषकों को कंबल भी वितरित किए।अंत में कलेक्टर द्वारा पंचायत भवन कार्यालय एवं सिद्धेश्वर महादेव गौशाला भी देखा। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए सबको प्राकृतिक खेती और जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया है। इस दौरान एसडीएम महेश बमन्हा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।




### कलेक्टर ने सिविल हॉस्पिटल आरोन का किया निरीक्षण

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा बुधवार सिविल हॉस्पिटल आरोन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, आपात उपचार व्यवस्थाओं एवं शासकीय योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर सर्वप्रथम इमरजेंसी वार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार संबंधी जानकारी ली। इसके पश्चात कलेक्टर द्वारा पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां भर्ती बच्चों का अवलोकन किया एवं उनके परिजनों से चर्चा कर बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की टीम से आवश्यक विवरण प्राप्त किए गए तथा माताओं को दिए जा रहे परामर्श की भी जानकारी ली गई।इस दौरान सीएमएचओ द्वारा सुझाव दिया गया कि प्रत्येक मरीज के बेड के पास एक चार्ट लगाया जाए, जिसमें मरीज का नाम, परिजन का नाम, बीमारी का विवरण एवं उपचार की नियमित जानकारी अंकित हो। कलेक्टर ने इस सुझाव को व्यवहारिक बताते हुए इसे शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर ने चिकित्सकों एवं स्टाफ के साथ बैठक कर आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्हें बताया गया कि योजना के अंतर्गत स्टैटिक एवं मोबाइल वैन के माध्यम से कार्ड निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड निर्माण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि कई प्रकरणों में डुप्लीकेट आईडी, मृत्यु उपरांत नाम, स्थायी रूप से अन्य स्थानों पर माइग्रेशन, मोबाइल नंबर अपडेट न होना एवं केवाईसी लंबित होने जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।

## समाचार संक्षेप

### सुअरों को भगाने के लिए हाथ से चलने वाली देशी पोटॉस गन का इस्तेमाल करना पड़ा भारी

**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम हरिपुर में फसल की रखवाली के दौरान एक नाबालिग किशोर दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। खेत में घुस रहे जंगली सुअरों को भगाने के लिए हाथ से चलने वाली देशी पोटॉस गन का इस्तेमाल करना उसे भारी पड़ गया। अचानक तेज धमाके के साथ गन उसके हाथ में ही फट गई, जिससे उसका हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गंभीर हालत में परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिपुर निवासी गोपाल सिंह बघेल के खेत में सरसों की फसल लगी हुई है। पिछले कुछ समय से जंगली सुअरों का आतंक इतना बढ़ गया है कि रात-दिन फसल को नुकसान पहुंच रहा है। इसी कारण गोपाल सिंह का नाबालिग बेटा कान्हा बघेल खेत की निगरानी कर रहा था। मंगलवार को सुअरों को डराने के उद्देश्य से वह अपने साथ देशी पोटॉस गन लेकर खेत की मेढ़ पर खड़ा हुआ और जैसे ही उसने धमाका करने की कोशिश की, गन ने काम करना छोड़ दिया और अचानक उसके हाथ में ही विस्फोट हो गया।धमाका इतना तेज था कि किशोर के हाथ की हड्डियां और मांस गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। आवाज सुनते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण और परिजन मौके पर दौड़ पड़े। खून से लथपथ हालत में पड़े किशोर को देखकर सभी घबरा गए। बिना समय गंवाए उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। पिता गोपाल सिंह का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों को नीलगाय और जंगली सुअरों से बचाने के लिए पीवीसी पाइप और कार्बाइड से बनी देशी पोटॉस गन का चलन तेजी से बढ़ा है। हालांकि यह सस्ता और आसान उपाय माना जाता है, लेकिन सुरक्षा के अभाव में ऐसे उपकरण कई बार गंभीर हादसों का कारण बन रहे हैं। यह घटना एक बार फिर देसी और साधनों के उपयोग पर सवाल खड़े कर रही है।

### महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की बैठक संपन्न

**आरोन।** महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. ए. के. मुद्गल की अध्यक्षता एवं निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.) के कार्यक्रमों एवं आगामी गतिविधियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी पूजा शर्मा द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए किया गया।बैठक में प्राचार्य मुद्गल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की उपयोगिता एवं समाज निर्माण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को विभिन्न राष्ट्रीय पर्वों एवं सामाजिक अभियानों से जोड़ने पर बल दिया। बैठक में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ धनवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने ए न . ए स . ए स . स्वयंसेवकों को कृषि संबंधी प्रशिक्षण देने तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में सहयोग प्रदान करने की सहमति व्यक्त की। बैठक में उपस्थित प्राध्यापक सुश्री महाविद्या उपाध्याय, डॉ वी एस मीना सहित सलाहकार समिति के सदस्यों एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के सुझावों पर विचार-विमर्श करते हुए यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा, जिसके माध्यम से महाविद्यालय एवं गोद ग्राम अमोदा में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी।साथ ही यह भी तय किया गया कि भविष्य में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक चेतना को बढ़ाने हेतु नियमित साप्ताहिक बैठकें आयोजित की जाएंगी। सभी प्रस्तुत सुझावों पर प्राचार्य द्वारा चर्चा कर उन्हें लागू करने का आश्वासन दिया गया।अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत गोद ग्राम अमोदा में आयोजित होने वाले सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए बैठक का समापन किया गया।



# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र बरखेड़ा हाट का किया निरीक्षण

# बच्चों से संवाद कर शैक्षणिक गतिविधियों, पोषण व्यवस्था व ग्रामीण समस्याओं का लिया जायजा





हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आरोन तहसील के ग्राम बरखेड़ा हाट स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपस्थित बच्चों से संवाद कर उनकी नियमित उपस्थिति, सीखने की प्रक्रिया एवं दैनिक शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। बच्चों द्वारा कविता, पहाड़े एवं गिनती सुनाई गई, जिसकी कलेक्टर ने प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

#### कलेक्टर ने बच्चों को खाद्य सामग्री का वितरण

इस अवसर पर कलेक्टर श्री कन्याल ने बच्चों को खाद्य सामग्री का वितरण किया तथा "ऑल इन वन बुकलेट" प्रदान की, जिसमें फलों एवं सब्जियों के नाम सहित सामान्य ज्ञान से संबंधित उपयोगी जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा को रोचक एवं सरल बनाने से बच्चों की सीखने की क्षमता में निरंतर वृद्धि होती है।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनवाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ताओं से बच्चों की संख्या, नवाचार गतिविधियों तथा शिक्षण पद्धतियों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि शिक्षण को अधिक व्यवहारिक, रोचक एवं सहभागितापूर्ण बनाया जाए, जिससे बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो सके।कलेक्टर श्री कन्याल ने केंद्र के सामने स्थित परिसर का अवलोकन करते हुए सचिव एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी के सामने रखे अनावश्यक सामान को हटाकर स्थान को साफ, स्वच्छ एवं व्यवस्थित किया जाए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों एवं आमजन से भी संवाद भी किया। ग्रामीणों की खेती से संबंधित समस्याएं सुनीं तथा किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए इसके दीर्घकालीन लाभों की जानकारी दी। ग्रामीणों के अनुरोध पर कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत एवं तहसीलदार को संयुक्त रूप से गौशाला हेतु उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी अब्दुल गफ्फार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित।

# लगातार आठवीं बार रोजगार आयुक्त ने कलेक्टर गुना को भेजा प्रशंसा पत्र

### युवा संगम कार्यक्रम के सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में जिले में माह दिसंबर 2025 में युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेला में आकांक्षी युवाओं के लिए उल्लेखनीय कार्य किए जाने पर दिसंबर 2025 में आयोजित कार्यक्रम में जिले ने प्रदेश में तीसरी रैंक हासिल की है। इस उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य के लिए रोजगार आयुक्त म.प्र. गिरीश शर्मा ने कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के कार्य की सराहना करते हुए प्रशंसा पत्र भेजा है। साथ ही जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना को भी प्रशंसा पत्र भेजा है। कलेक्टर श्री कन्याल ने जिले को प्राप्त हुई उपलब्धि के लिए संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को बधाई दी है। अभी तक जिले ने प्रदेश की रैंक में तीन बार प्रथम, दो बार द्वितीय, दो बार तृतीय और एक बार चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए जिला कलेक्टर को प्रशंसा पत्र मिल मिल चुका है। कलेक्टर द्वारा संबंधित सभी विभागों को आगे भी इसी तरह से समन्वय के साथ काम करने के लिए प्रयास जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला जेल गुना की महिला बंदियों को साक्षर किए जाने अक्षर पोथी व स्लेट बत्ती का किया वितरण

**गुना।** संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जिला जेल में बंद महिला बंदियों को साक्षर किए जाने हेतु उन्हे अक्षर पोथियों एवं स्लेट बत्ती का वितरण किया गया। यहां पर उल्लेखनीय है कि इन महिला बंदियों को बुनियादी साक्षरता प्रदान कर आगामी फरवरी माह में होने वाली साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित कराया जाएगा इस अवसर पर अशोक सिंह चौहान जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी, शंभू सिंह यादव जिला सह समन्वयक साक्षरता, सोनी मांझी स्वंसेवक एवं जिला जेल के शिक्षक मुकेश रावत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कालेज में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

शासकीय महाविद्यालय आरोन में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के अवसर पर मंगलवार को बी.एस.ई. मुंबई से आए मुख्य वक्ता जसदीप सिंह कोहली ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं स्टाफ को साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता के साथ वित्तीय सुरक्षा विषय पर मार्गदर्शित किया । कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. ए.के. मुदगल एवं मुख्य वक्ता जसदीप सिंह कोहली ने माँ सरस्वती की पूजन कर किया। कार्यक्रम में बी.एस.ई. की स्थापना, देश के आर्थिक विकास हेतु सही जानकारी के साथ निवेश, वित्तीय योजनाओं की आवश्यकता, युवाओं के लिए वित्तीय बचत की आदत विकसित करना, विभिन्न प्रकार के निवेश, डिजिटल अपराध आदि के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी मीना गुप्ता द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. वी.एस. मीना ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ सहित अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए।




# गीता स्वाध्यायः मनुष्य को अपना काम करना चाहिए फल देना ईश्वर का काम हैः तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



मनुष्य को अपना काम करना चाहिए फल देना ईश्वर का काम है। मनुष्य बिना कार्य किए नहीं रह सकता, मनुष्य को हमैशा सदाचारी जीवन जीना चाहिये, उपरोक्त विचार पंडित रामकुमार तिवारी ने विनोद ओझा के स्वनिवास हरिपुर रोड़ पर हुये स्वाध्याय में व्यक्त किए। गीताजी का पूजन विनोद ओझा ने किया, स्वाध्याय गीत, गणेश गौरी गुरु वंदना अंकित पाण्डेय ने कराई, गीताजी के अठारहवें अध्याय के पहले ग्यारह श्लोकों का पाठ तथा गीता महात्म्य के श्लोकों का अर्थ अंकित पाण्डेय ने कराया। सुभाषित में श्रीमती रेखा पाण्डेय ने बताया कि जिस मनुष्य के पास विद्या,तप, दान, ज्ञान तथा आचरण के गुण नहीं है वह मनुष्य भूमि पर भार स्वरूप है। अमृत वचन में संतोष ओझा ने कहा कि मनुष्य के जीवन का कोई भरोसा नहीं है प्राण कभी भी निकल सकते हैं इसलिए मनुष्य को भगवान का भजन करते रहना चाहिए और सत्संग करते रहना चाहिए। सूचना खण्ड में रामसिंह रघुवंशी ने बताया कि इस समय माघ मास मेला प्रयागराज में लगा हुआ है जिसमें विश्व गीता प्रतिष्ठानम का केंप भी लगा हुआ है जो व्यक्ति कल्प वास करना चाहता है उसके लिए पांच हजार तथा 20 जनवरी से 26 ,तक गीता स्वाध्याय में भाग लेना चाहता है उसके लिए 1100/-रूपये शुल्क निर्धारित किया गया है।शीत ऋतु को देखते हुए ओढ़ने एवं गर्म कपड़े साथ में लेकर आए। स्वाध्याय में किरण शर्मा, जमुना बाई, प्रेमनारायण ओझा,अभिनाष ओझा, लक्ष्मी ओझा, पंडित मनोज शर्मा, रविन्द्र सिंह रघुवंशी, महेन्द्र सोनी, चंद्रमोहन अग्रवाल, पंडित सुरेश भार्गव उपस्थित रहे। गीता भजन जाने क्या जादू भरा हुआ भगवान तुम्हारी गीता में, अंकित पाण्डेय ने मधुर कण्ठ से गाया।अगला स्वाध्याय रविवार को दोपहर तीन बजे सुदामा कालोनी में रामबाण वाले हनुमान मंदिर पर आयोजित किया गया है यजमान पंडित सुरेश भार्गव ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गीता प्रेमियों से धर्म लाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

# डीआरएम ने अशोकनगर स्टेशन के रेल कर्मी मनोज कुमार को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेल मण्डल द्वारा डयूटी के दौरान सर्तकता,सूझबूझ और सजगता का परिचय देने वाले 15 रेल कर्मियों को मण्डल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी द्वारा वुधवार को सम्मानित किया गया। उन सम्मानित किए गए रेल कर्मचारियों में अशोकनगर स्टेशन के पायंटमैन मनोज कुमार भी शामिल हैं। जिन्हे डीआरएम द्वारा प्रशस्ती पत्र, संरक्षा नगद राशि के साथ सरंक्षक पुरूस्कार से सम्मानित किया गया है। मनोज कुमार ने अपनी डयूटी के दौरान कार्यकुशलता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए ट्रेन को सुरक्षित रूप से रोका और किसी भी प्रकार से कोई गंभीर दुर्घटना नहीं हो सकी जिससे रेलयात्रियों की सुरक्षा की गई और रेल संपत्ति की भी सुरक्षा हुई। जिसे लेकर जिन 15 रेल कर्मियों को सम्मानित किया गया है उसमें अशोकनगर स्टेशन के मनोज कुमार भी शामिल हैं।



### 4 वर्ष से अधिक समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** थाना नईसराय द्वारा 04 वर्ष से अधिक समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि जेएमएफसी न्यायालय अशोकनगर के प्र.क्रं. 913/21 एवं थाना नईसराय के अप. क्र 87/21 धारा 354, 454 भादवि में न्यायालय द्वारा आरोपी दिलीप पुत्र केदार सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम अमरोद सद्दू हाल निवासी पीथमपुर जिला धार मध्यप्रदेश का स्थाई वारंट जारी किया था। प्रकरण की गंभीरता एवं स्थाई वारंटी तामीली अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी चंदेरी शैलेन्द्र शर्मा से मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी नईसरांय उनि. मनीष सिंह गुर्जर द्वारा नईसराय पुलिस की टीम गठित कर रवाना की गई। टीम द्वारा आरोपी स्थाई वारंटी की तलाश की गई। दिनांक 06.01.2026 को टीम द्वारा आरोपी स्थाई वारंटी दिलीप पुत्र केदार सिंह रघुवंशी निवासी ग्राम अमरोद सद्दू को ग्राम अमरोद सद्दू से गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय पेश किया जा रहा है।




# कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम को सुधारने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा कक्षा 10वीं तथा कक्षा 12वीं के पिछले वर्ष 2024-25 के परीक्षा परिणाम तथा शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के छै माही परीक्षा परिणाम की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

उन्होंने परीक्षा परिणाम के कम प्रतिशत वाले स्कूलों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि वार्षिक परीक्षा परिणामों में बेहतर सुधार हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकगण बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनायें, जिससे वे शिक्षा के क्षेत्र में नये भविष्य को सवार सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने दायित्व का पूर्ण रूप से निर्वहन करें तथा शैक्षणिक मूल्यांकन पर विशेष ध्यान दें।उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता, स्कूलों में सभी विषयों के पाठ्यक्रम की स्थिति, कमजोर बच्चों की प्लांनिग तथा बच्चों की शाला में उपस्थिति के संबंध में विस्तार से जानकारी लेकर समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पढ़ाई में कमजोर बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास लगाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की अंक सूची का काफी महत्वपूर्ण होती है। अंकसूची के माध्यम से शासकीय योजनाओं सहित बच्चों के भविष्य की पढ़ाई भी निर्भर होती है। उन्होंने विषयवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे स्कूलों जिनमें विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की आवश्यकता है,वहां पर शिक्षकों को पदस्थ किया जाए। उन्होंने परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए अंग्रेजी तथा गणित विषय पर विशेष जोर देकर ध्यान दिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त बीईओ अपने-अपने स्तर पर साप्ताहिक समाक्षी बैठक का आयोजन कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं एवं शैक्षणिक गुणवत्ता की सतत मॉनीटरिंग करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस. सिसोदिया, सहायक संचालकएन.एस.जैन, बीईओ, बीआरसी, संकुल प्राचार्य एवं संबंधित उपस्थित रहे।

# करीला धाम परिसर को साफ-स्वच्छ, सुंदर, बनाया जाएगा

**अशोकनगर।** प्लास्टिक कचरे के सुरक्षित निपटान हेतु करीला ट्रस्ट मां जानकी मंदिर प्रांगण एवं पहाडी क्षेत्र में सुंदरता के लिए शिवशक्ति स्व-सहायता समूह एवं रफीन खांन, (कवाडी वाला) के मध्य अनुबंध संपादित किया गया। माह की 01 तारीख को एकत्रित कचरा, प्लास्टिक को 6 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से क्रय किया जाएगा। जिससे धार्मिक आस्था के केन्द्र मां जानकी धाम की सुंदरता बढेगी। साथ ही श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातारण में दर्शनलाभ प्राप्त होगा। स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अशोकनगर राजेश जैन ने बुधवार को क्षेत्र भ्रमण कर पॉलिथिन संग्रहण हेतु सेग्रीगेशन शेड एवं अन्य आवश्यक उपकरणों के क्रय की जानकारी ली व कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। साथ ही कचरा वाहन के साथ स्वच्छता मित्रों को नियमित सफाई के निर्देश दिये। एसडीएम अनुभाग मुंगावली इसरार खान ने बताया कि प्रतिमाह पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मुंगावली आलोक प्रताप सिंह इटोरिया ने बताया कि ग्राम पंचायत के सहयोग से डस्टबिन, कचरा कलेक्शन प्वाइंट का ले आउट देकर कार्य प्रारंभ कराया गया है। विकासखण्ड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) ने बताया कि जिला प्रशासन एवं अध्यक्ष करीला ट्रस्ट महेन्द्र सिंह यादव व ग्राम पंचायत सरपंच/सचिव के सहयोग से स्व सहायता समूह व कबाडी वाला व स्थानीय दुकानदारों को प्रेरित कर कचरा व नारियल की नरेटी का स्थानीय स्तर पर पृथक्कीकरण कर कचरा प्रबंधन कराया जाएगा। जिला समन्वयक सरिता बंसल ने पुनः उपयोग कर खाद बनाने की इकाईयों के निर्माण करने हेतु जोर दिया।

## अशोकनगर की सीमा अग्रवाल को डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट के लिए चुना गया



**अशोकनगर।** लीनेस क्लब अशोकनगर विगत 2010 से सतत रूप से लगातार अपना सामाजिक दायित्व निभाते आ रहा है। आज 2026 में डिस्ट्रिक्टि आरएम स्वयं सिद्ध की कमान अर्थात कप्तानी लीनेस सीमा अग्रवाल को प्राप्त हुई है। जो डिसट्रिक्ट प्रेसिडेंट, जिला सेक्रेटरी डॉ रजनी शुक्ला, जॉइंट सेक्रेटरी लवली रघुवंशी, डिसट्रिक्ट ट्रेजर सुनीता अग्रवाल डिसट्रिक्ट संपाधिका संगीता अग्रवाल मनोनीत हुई। डिसट्रिक्ट आरएम 1 के अंदर जयपुर, बीकानेर ग्वालियर ,गुना अशोकनगर के 22 क्लब है जो ,सतत रूप से सेवा ,त्याग ,समर्पण श्रद्धा, इन सारे भाव को लिए हुए। समाज की दिशा ,दशा उसकी दक्षता व क्षमता का सर्वांगीण विकास के साथ अपना योगदान देते रहेंगे और देते आ रहे हैं। इस मौके पर अलका अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल जयपुरी, अंजू दुबे, गंगा रघुवंशी, प्रियंका अग्रवाल, राखी तिवारी, टीना गुप्ता, पूजा अग्रवाल , संध्या अग्रवाल रितु, आदि रहे मौजूद।

### हैंडपंप, कुएं और नल जल योजना का सेनेटरी सर्वेक्षण कराया जा रहा है

# ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल देने की कवायद की गई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उतारने हेतु एवं जल जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु जिला अशोकनगर अंतर्गत विशेष अभियान के नाम 05 जनवरी 2026 से 20 जनवरी 2026 तक चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के ग्रामीण अंचल में स्थापित सभी पेयजल स्त्रोत जैसे हैंडपंप, कुएं एवं नल जल योजना आदि का सेनेटरी सर्वेक्षण कराया जा रहा है।

सेनेटरी सर्वेक्षण अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों का निरीक्षण एवं सुधार योग्य हैंडपंपों का सुधार कार्य कराया जा रहा है ,समस्त पेयजल स्त्रोतों के आसपास साफ सफाई ,स्त्रोतों का लिक्विड क्लोरीन के माध्यम से क्लोरिनेशन के माध्यम से किया जा रहा है। पेयजल स्त्रोत निरीक्षण में टूटे-फूटे प्लेटफार्म एवं स्त्रोत के अपशिष्ट जल निकासी हेतु ग्राम पंचायत से समन्वय संबंधित कर कार्य किया जा रहे हैं।साथ ही ग्रामीण अंचल पर स्थापित जल स्त्रोतों का फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल नमूनों का गुणवत्ता परीक्षण ग्राम स्तर पर ही किया जा रहा है। जिससे ग्राम ग्रामीण जनों में जल की गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के कार्य भी किए जा रहे है। ग्रामीण क्षेत्र में समस्त क्रियाशील नल जल योजनाएं का भी सेनेटरी सर्वेक्षण किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नल जल योजना की पाइपलाइन में किसी भी प्रकार का ग्राम की नल जल योजना में गंदे पानी से पेयजल पाइप लाइन के बचाव हेतु सुधारात्मक कार्य तकनीकी मापदंड पर कराए जा रहे हैं। लीकेज, टूट फूट का सर्वेक्षण ग्राम पंचायत से समन्वय कर किया जा रहा है एवं उसके तकनीकी रूप से उपयुक्त सुधारात्मक उपाय ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जा रहा है।





साथ ही सर्वेक्षण अंतर्गत ग्रामों में स्थापित उच्च स्तरीय टंकी एवं संपवेल की भी साफ सफाई की जा रही है एवं पेयजल संबंधी अधोसंरचना का नियमित साफ सफाई के रोस्टर जारी किए जा रहे है। सर्वेक्षण अंतर्गत नल जल योजना के स्त्रोतों के पास किसी प्रकार की गोबर, भूसे के ढेर,अपशिष्ट जल का जमाव, आदि होने पर उसे तत्काल ग्राम पंचायत के माध्यम से साफ करने कार्रवाई की जा रही है साथ ही ग्राम में स्थापित नालियों के साफ सफाई का कार्य भी किया जा रहे है। सर्वेक्षण अंतर्गत समस्त नल जल योजना के पेयजल स्त्रोत एवं हितग्राहियों के नल कनेक्शन से जल नमूने प्राप्त कर उपखंड एवं खंड स्तरीय प्रयोगशाला में रासायनिक एवं जैविक परीक्षण किया जा रहा है। स्कूल, आंगनवाड़ियों एवं छात्रावास के सभी स्त्रोतों के पास स्वच्छता बनाने हेतु शाला एवं आंगनबाड़ी प्रबंधन के साथ समन्वय कर पेयजल स्त्रोत के पास साफ सफाई एवं भोजन एवं पेयजल हेतु स्वच्छ पेयजल उपयोग करने के निर्देश दिए जा रहे है साथ ही पेयजल स्त्रोतों का जल नमूना परीक्षण किया जा रहा है।

नल जल योजना में ग्राम पंचायत को घरों के नल कनेक्शन में टोटी लगाने, वाल्व चैंबर के पास साफ सफाई एवं जल के समुचित उपयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की, मर्ग दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम बमुरिया निवासी आशा बाई पत्नि पवन अहिरवार ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, ग्रामीण की मौत

**अशोकनगर।** मंगलवार को गत रात्रि में मोहरी रोड पर एक ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत हो गई, यह बाइक सवार पिपरई से अशोकनगर में मंडी में भाव पूछने के लिए गया था मृतक की पहचान अमर सिंह पुत्र बुंदेल सिंह यादव उम्र 57 साल निवासी ग्राम बरौला थाना पिपरई के रूप में की गई है। मृतक के सिर पर से ट्रैक्टर का पहिया निकल गया जिससे अधिक खून बहने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9वीं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ




**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन की नवीन शैक्षिक संकल्पना के अंतर्गत प्रदेश के उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में जिला शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अशोकनगर में कक्षा 9वीं की 240 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्राचार्य सीमा जैन ने बताया कि कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएँ एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 200 रुपये शुल्क के साथ आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 16 जनवरी निर्धारित की गई है, जबकि प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 8 फरवरी है। विद्यालय में प्रवेश, प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर दिया जाएगा। विद्यालय में अशोकनगर जिले के बाहर से आने वाले विद्यार्थियों हेतु 100 बालक एवं 100 बालिकाओं के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही विद्यालय में आईसीटी लैब के माध्यम से कंप्यूटर शिक्षण, वोकेशनल शिक्षा (आईटी एवं सुरक्षा),समृद्ध पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, विभिन्न खेल सुविधाएं तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ भी विद्यार्थियों को प्रदान किया जाएगा।

### डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसो. पुरुष ओपन क्रिकेट ट्रायल संपन्न



**अशोकनगर।** अशोकनगर डिसट्रिक्ट क्रिकेट एसोसियेशन के तत्वावधान बुधवार को स्थानीय संजय स्टेडियम अशोकनगर में पुरूष सीनीयर ओपन क्रिकेट चयन ट्रायल आयोजित की गई। इस ट्रायल के समय अशोकनगर डिसट्रिक्ट क्रिकेट एसोसियेशन के अध्यक्ष जजपाल सिहं, उपाध्यक्ष प्रमोद जैन एवं अरूण रघुवंशी सचिव एडीसीए सहित खिलाडी उपस्थित रहे और पदाधिकारियों ने खिलाडियों का मार्गदर्शन किया। ट्रायल में पुरूष सीनीयर ओपन क्रिकेट टीम अशोकनगर हेतु खिलाडियों का चयन किया गया। चयन में कान्हा शर्मा, अमित बंजारा, देवांश धाकड, कार्तिक योगी, नौशाद कुरैशी, रंजीत शाक्य, साजिद खान, अमीर खान,. पंकज रघुवंशी, देव ओझा, तनुज सेन, विशाल लोधी, कान्हा शर्मा, विनोद जाटव, लोकेन्द्र शर्मा, अपूर्व चटर्जी, ऋषि तिवारी के चयनित होने पर अध्यक्ष एडीसीए जजपाल सिंह द्वारा बधाई देते हुए भविष्य के अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं।

## फिर से अतिक्रमण न हो इस पर भी जिम्मेदारी तय हो

# दूसरे दिन भी प्रशासन का महकमा अतिक्रमण हटाता हुआ नजर आया






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर जिला मुख्यालय का नगर है लेकिन यह आज भी जिला मुख्यालय जैसा नहीं लगता, यहां के लोग आज भी वही पुरानी मानसिकता से जीते आ रहे हैं बदलाव का समय है और बदलती हुई इस दुनिया में लोगों को भी बदलने के साथ स्मार्ट होना जरूरी है। हम स्मार्ट होगें तो हमारा शहर भी स्मार्ट होगा, तभी हम अपने शहर की अपनी पुरानी सूरत को भूल पाएगें। शहर को बदलने की जरूरत है इसी मुद्दे को लेकर शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई ताकि मार्ग चैड़े दिखें और चैराहे विकसित हो और आसानी से यातायात निकल सके।

इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन और नपा के संयुक्त प्रयासों से शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दूसरे दिन भी चलाई गई पहले अस्पताल चैराहे से आनंदपुर ट्रस्ट तक चलाया गया था। वुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई गांधी चैक से स्टेशन रोड और इंदिरा पार्क तक की गइर्। इस दौरान दुकानों के बाहर जितने भी लोगों ने नाली के ऊपर पक्के अतिक्रमण कर लिए थे या फिर दुकानों के बाहर अलग से सीढ़ियां बना ली थी या फिर किसी दुकानदार के द्वारा खाना बनाने तंदूर बाहर बनाकर रखे गए थे



उनको भी प्रशासन द्वारा हटा दिया गया।

### क्या यह अतिक्रमण भविष्य में फिर से नही होगा?

इन सबको देखकर लगता है कि अब शहर के मार्ग चैड़े हो गए है लेकिन यह सब कब तक सवाल यही है कि क्या यह सिर्फ दिखाने के लिए है या वाकई शहर की सूरत बदलने के लिए है। क्या अतिक्रमण से कोई लाभ होने वाले हैं क्या यह अतिक्रमण फिर वैसा ही हो जाएगा। इन सवालों की झड़ी ने प्रशासन को नगर पालिका को यह संदेश दिया है कि जो अतिक्रमण हटाए गए हैं फिर से न हो पाए। उन अतिक्रमणों पर रोक लगना चाहिए और जिन कार्यों से शहर को सुंदर बनाया गया है या बनाया जा रहा है अगर उसके पास अतिक्रमण होंगे तो शहर की सुंदरता का क्या होगा।

### शहर के अनेक भीड़ भरे मार्गों से अतिक्रमण हटाने की जरूरत

लेकिन प्रशासन की कार्रवाई यह कब तक नजर आएगी, इस पर अभी कुछ कहना कठिन है। लेकिन अभी शहर के कई मार्गों पर इसी तरह की कार्रवाई होना जरूरी है जिनमें गांधी चैक से पुराना बाजार, मिलन चैराहे से एचडीएफसी चैराहा, अस्पताल चैराहे से तुलसी सरोवर मार्ग, तथा पुराने बस स्टैंड के साथ नए बस स्टैंड पर भी इसी तरह के अतिक्रमण की मुहिम चलाए जाने की जरूरत है ताकि शहर को सुंदर बनाया जा सके। सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बात है कि अशोकनगर के चैराहे क्या महानगरों के चैराहा जैसे नहीं बन सकते, शहर में विजयाराजे सिंधिया चौराहा, शशिन्द्र चौराहा, नए बस स्टैंड चौराहा, बायपास रोड चौराहा, एचडीएफसी चौराहा, त्रिदेव मंदिर चौराहे को सुंदर बनाने की जरूरत है ।

### अतिक्रमण हटाने से पहले कलेक्टर ने नपा अध्यक्ष के साथ मार्ग का निरीक्षण किया

बुधवार को जब अतिक्रमण हटाने के करवाई प्रारंभ हुई उसके पहले कलेक्टर आदित्य सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी के साथ प्रशासन का अमला गांधी पार्क से स्टेशन रोड के बाहर तुलसी पार्क तक पहुंचा और वहां से वापस गांधी पार्क तक आने के बाद इंदिरा पार्क तक गया। इस दौरान कलेक्टर ने इस मार्ग पर जितने भी मकान बने हैं या अतिक्रमण है उन सबको अपनी निगाहों से देखा और कार्रवाई के निर्देश दिए थे, इसके बाद कलेक्टर आदित्य सिंह अतिक्रमण हटाने वाले अमले को निर्देश देकर कलेक्टर कार्यालय लौट गए। उसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई हालांकि इसके पहले दुकानदार कलेक्टर आदित्य सिंह से मिलकर अपना पक्ष रख चुके थे। इस पूरी कार्रवाई की शुरुआत एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी की उपस्थिति में की गई। हालांकि वुधवार को कार्यवाही एक दिन पहले की तुलना में कमजोर रही। गांधी चैक से शुरू हुई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में सीएमओ विनोद उन्नीतान और नगरपालिका का पूरा अमला मौजूद था। इस दौरान दुकानों के बाहर से जो सामान रखने के लिए छज्जे बनाए गए थे उन्हें तोड़ा गया, कई पक्के अतिक्रमण भी दुकानों के बाहर बने थे उन्हें भी हटाया गया। कई जगह निर्देश देकर मोहलत दी गई। इस तरह पूरे दिन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चलती रही, कल की कार्रवाई में सख्त संदेश था वह संदेश बुधवार को कमजोर पड़ता नजर आया। हालांकि कई लोगों ने राहत के साथ इन मार्गों से निकले यह मार्ग चैड़े दिखाई दिए।

### इनका कहना है

मुख्य मार्गों पर जहां जहां भी अतिक्रमण है उन्हें हटाया जाएगा ताकि इन मार्गों पर यातायात की सुगमता हो सके। जहां भी पक्के अतिक्रमण है उन्हें हटाने की कार्यवाही की जा रही है जो सब्जी की दुकानें इधर उधर लगती हैं उन्हें भी सब्जी मंडी में ही रखा जाएगा। गांधी चैक पर जो त्यौहारों के समय सामान की दुकानें लगती हैं उन दुकानदारों का कोई नुकसान न हो उसका ध्यान रखा जाएगा। यदि जरूरत पड़ेगी तो किस अन्य स्थान पर उनकी व्यवस्था की जाएगी।

**कलेक्टर आदित्य सिंह** जिला अशोकनगर

शहर में जो अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है, वह जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है नगर में कार्यवाही होने से नगरपालिका की डयूटी रहती है। नगरपालिका परिषद की बैठक में भी यह मामला आया था स्थायी अतिक्रमण तो टूट रहा है जो अस्थायी अतिक्रमण है उसे लेकर भी निर्णय लिया जा रहा है। अस्पताल चैराहे पर जो हाथ ठेले लगते हैं उन्हे लवकुश मंदिर के ग्राउंड में भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा सभी शहर वासियों से निवेदन है कि यह आपका नगर है इसको सुन्दर बनाकर रखने की जिम्मेदारी भी हमारी है। हमने भी कलेक्टर से निवेदन किया है कि ऐसे कोई अतिक्रमण न तोड़े जाएं जिससे आमजनों को परेशानी हो अगर एक अतिक्रमण टूटता है तो एक परिवार टूटता है और उसका रोजगार छिन जाता है। नगरपालिका आगे भी ध्यान रखेगी कि शहर में कोई अतिक्रमण न होने पाए। सभी दुकानदार अपना सामान दुकानों के बाहर न रखें।

**नीरज मनोरिया** अध्यक्ष नगरपालिका अशोकनगर

## सफाई कर्मियों की हड़ताल का दूसरा दिन

# हमें कुछ हो गया तो हमारे बच्चों का जिम्मेदार कौन होगा?




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

कस्बे के पुरानी नगर परिषद चैराहे पर सफाई कर्मचारियों की अनिश्चित कालीन काम बंद हड़ताल लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। दूसरे दिन नगर परिषद सीएमओ अशोक वर्मा और तहसीलदार ए.के गौतम उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल यादव हड़ताल स्थल पर सफाई कर्मचारियों से बात की ओर उनकी मांगों को सुना ओर कुछ मांगो पर सहमति बनती देखी गई।

सीएमओ ने कहा कि जो एक माह की वेतन रुकी है उसको हम जल्दी ही जनवरी माह के खत्म होने से पहले डाल देंगे। और हर माह के वेतन की तारीख भी निर्धारित करते हैं कि महीने की एक तारीख से दस तारीख तक आपको वेतन की राशि मिल जाए। ईपीएफ के लिए हम जिला कलेक्टर को लेटर लिखकर भेजेंगे वहां से जो निर्देश मिलेगा उससे आप लोगों को अवगत कराएंगे। अभी दीपावली के पहले ही हमने आप लोगों की वेतन 4500 5500 से बड़ा कर 8000 रुपए की थी। आप और हम बैठकर सभी समस्याओं का हल निकालेंगे। इसके बाद भी सफाई कर्मचारी अपनी हड़ताल जारी रखे है। कर्मचारियों का कहना हे कि अभी तक हम काम कर रहे हैं।कल कोई दुर्घटना घट जाए ओर कोई क्षति होती है तो हमारे बच्चे अनाथ हो जाएंगे। हम पर क्या सबूत है कि हम नगर परिषद के कर्मचारी हैं। अभी हाल में ही एक नगर परिषद कर्मचारी की मौत हो गई उसको क्या मिला। हमारे दो कर्मचारी पौधा रोपण का कार्यक्रम में टैक्टर ट्राली पर से गिर गए थे। तो किसी ने उनको इलाज तक नहीं कराया था। कल अगर मर गए तो बच्चों का क्या होगा। संजीव उतावलिया सफाई कर्मचारी ने बताया कि हमारे स्टाफ में से 17 महिलाओं की ई अटेंडेंस नहीं लग रही है पहले लगती थी अब नहीं लग रही। कुछ बताया नहीं जाता। कहते हैं टेक्नीशियन समस्या है। शुभम उतवलिया सफाई कर्मचारी ने कहा कि सीएमओ ने अभी कुछ माह पहले भी कहा था कि हम ईपीएफ के लिए कलेक्टर को लेटर लिख रहे हैं पर आज तक कुछ नहीं हुआ। हमें लिखकर क्यूं नहीं दे रहे कि हम आपकी मांगे स्वीकृत कर रहे हैं। प्रदीप उतवलिया सफाई कर्मचारी ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को किट और समान के लिए वार्षिक बजट आता है। हमारे लिए कुछ भी सामान नहीं दिया जाता। जबकि जानवर मर जाए तो हम उठा के फेंकते हैं, जाम नालियां साफ करना हो तो हम है। फिर हमारा बजट हम पर ही खर्च नहीं किया जाता।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी सौरभ धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 4 आरोपियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी राजाबेटी अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति प्रमोद अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तगारी निवासी कार्तिक लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा चैहान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सर्करा निवासी रामजीलाल केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हल्के और रामवीर केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# जिले में रिक्त सीएसी, बीएसी पदों को नियम के अनुसार भरने आजाद अध्यापक संघ की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने वुधवार को एक पत्र डीपीसी के नाम सौंपते हुए मांग की है कि जिले में जो सीएसी और बीएसी के पद रिक्त पड़े हैं उन पदों को नियमानुसार भरने की कार्यवाही की जाए।

उन्होंने बताया कि एक दो माह पहले जो पांच वर्ष की प्रतीक्षा के बाद सीएसी,बीएसी के पदों पर काउंसलिंग हुई थी जिसमें अधिकतर पद पर नए सिरे से सीएसी,बीएसी पदस्थ हुए लेकिन कुछ पद खाली रह गए थे जिसमें जिले के टोटल सीएसी 66 बनना थे जिनमें से 12 खाली रहे, 20 बीएसी बनना थे जिनमें से पिछली काउंसलिंग में 3 खाली रहे एवं दो ने ज्वॉइन नहीं किया टोटल 5



बीएसी के पद खाली रह गए थे। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह यादव ने मांग की है कि इन पदों पर नियमानुसार ,विषयवार माध्यमिक शिक्षक एवं उच्च श्रेणी शिक्षक को ही पुनः सीएसी,बीएसी बनाया जाए ताकि जिले के सभी शिक्षकों को योग्य अनुभवी ही मॉनिटरिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य करें एवं शैक्षणिक गुणवत्ता का समावेश हो सके। जिलाध्यक्ष ने मांग की है कि रिक्त पदों को कार्यालय के सूचना पटल पर एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित कर पूरे जिले में सूचना प्रसारित कराकर पात्र लोगों के आवेदन आमंत्रित किए जावे, ताकि किसी भी प्रकार के आरोप प्रत्यारोप भी न लग सकें।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि उनके पास जिले के कई शिक्षकों के फोन आ रहे कि डीपीसी कार्यालय में गोपनीय कई पात्र शिक्षकों को दरकिनार करते हुए अपात्र शिक्षकों शिक्षकों को इन महत्वपूर्ण जिम्मेदार पदों पर बिठारने की तैयारी और जमकर सेटिंग चल रही है खाली पदों के रेट लगाए जा रहे है तो जो पात्र है वो किसी भी प्रकार की रेट या पैसे का लेन देन करने से इन्कार कर रहा है तो उन्हें बनाने से भी रोका जा रहा है।

सुबह की ओस और कोहरे में डूबा पूरा दिन

# अशोकनगर में अब तक का 6.4 डिग्री सबसे न्यूनतम तापमान

**अशोकनगर।** अशोकनगर का तापमान वुधवार को 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा। अब तक इस मौसम में सबसे न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस बुधवार को दर्ज किया गया। जैसे-जैसे जनवरी का महीना आगे बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे ठंड का असर भी बढ़ता जा रहा है।

इस न्यूनतम तापमान के बाद ठंड का असर बढ़ता जा रहा है सुबह की भोर ओस और कोहर से भरी होती है और पूरा दिन धूप में निकलता है रात से फिर वही ठंड प्रारंभ हो जाती है। जनवरी का महीना ठंड के सबसे ठंडे महीनों में होता है इस महीने में तापमान में निरंतर गिरावट आती जाती है। अशोकनगर जिले में तापमान में गिरावट आना प्रारंभ हो गई है। एक दिन पहले अशोकनगर जिले में 7.4 डिग्री सेल्सियस तापमान था लेकिन 24 घंटे बाद एक डिग्री तापमान में गिरावट आई है ठंड भरे दिनों में लोगों को जिला चिकित्सा विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की जा रही है कि ठंड से बचाव के लिए हर संभव उपाय



करें। जिसमें सबसे पहले तन को कपड़ों से ढकने के लिए एडवाइजरी दी जा रही है बढ़ती ठंड के बीच नगर पालिका को भी शहर में आलाप जलाने के लिए शीघ्र प्रयास किया जाना चाहिए।

# अशोकनगर सपा में बढ़ा जनाधार, कई साथ हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

अशोकनगर में समाजवादी पार्टी को उस समय बड़ी मजबूती मिली जब भाजपा छोड़कर अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने समाजवादी विचारधारा से प्रेरित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी गुना सुरेंद्र यादव (मुंगावली) के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. मनोज यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी का सदस्यता अभियान पूरे प्रदेश में जोर-शोर से चल रहा है और आमजन पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर जुड़ रहे हैं। उन्होंने आगामी 10 जनवरी को इंदौर में आयोजित विशाल धरना-प्रदर्शन को लेकर कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में असलम खान (सरपंच), हेमराज बरखेड़ा, दिनेश यादव (पठारी), फैय्यद खान सरपंच (राजपुर), विजय कुमार यादव सरपंच प्रतिनिधि (सेमरा), देवेंद्र यादव (करिया खेड़ी) एवं रामबचन सिंह ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। संगठन विस्तार के क्रम में मुंगावली विधानसभा अध्यक्ष पद पर मुलायम सिंह यादव (पिपरई) की नियुक्ति की गई।

## आज भगवान की निकलेगी शोभायात्रा

# राजपुर में चल रहे सिद्ध चक्र महा मंडल विधान का किया समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजपुर

पूज्य मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के सानिध्य में राजपुर कस्बे में श्री सिद्ध चक्र महा मंडल विधान का आयोजन किया जा रहा था। वुधवार को इस विधान के अंतिम दिन अर्ग समर्पित किए गए और विश्व शांति की कामना के साथ हवन का समापन हुआ। गुरूवार को राजपुर कस्बे में मुनिश्री के सानिध्य में भगवान की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में कचनार आरोन अशोकनगर, बहादुरपुर, पिपरई आदि स्थानों से श्रद्धालुजन भाग लेगें।

सिद्ध चक्र महा मंडल विधान की शुरूआत से पहले दैनिक कार्यक्रमों में भगवान के अभिषेक के साथ शांतिधारा का आयोजन किया जा रहा था। इस मौके पर पहली बार राजपुर कस्बे के नागरिकों को सिद्धों की आराधना करने का अवसर



मिला था। जिसका राजपुर वासियों ने भरपूर लाभ लिया। मुनिश्री की देशना ने भी भक्तों को हर धर्म की ज्ञान गंगा का श्रवण कराया। उन्होंने आध्यात्मिक प्रेम को लेकर कहा कि वह इस संसार का पारस है जो यदि किसी के पास हें तों वह धरती की स्वर्ग खदानों से बहुमूल्य उपहार प्राप्त कर लेता है।

उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक प्रेम ही जीवन का निर्माण करने का साधन है सबसे पहले तों आध्यात्म यह कहता है कि हम जानें की बाहर विचरण किस भावना से हों रहा हैं परमार्थ की भावना से जब अपना चित निर्मल हों जाता है तब उसे प्रकाश का एवं अविरल शांति का प्रभाव मिलनें लगता है। अपना व्यक्तिगत सुख चेन जब संसार की पीड़ा कों दूर करनें में जा लगें तों समझना चाहिए कि आनंद का झरना फूट पड़ा है। ईश्वर से हमनें बडी अद्भुत कृपा प्राप्त की है। हमें यह समझना चाहिए कि जिस चीज कों हम चाहतें हें वह वाहर मिलनें वाली नहीं है उस असीम शान्ति कों उस महान अनुशीलन कों तथा उस अद्भुत शक्ति प्रवाह कों प्राप्त करनें हेतू विचार रण कों धारण करना पड़ेगा उसे आध्यात्मिक दृष्टि कहते हैं एवं आध्यात्मिक प्रेम सुफल है। हमारा धर्म महान है क्योंकि वह जिस आध्यात्मिक के आधार पर खड़ा है ऊंचाई को नाप पाना असम्भव है। जिस प्रेम कि यहां पर बात की जा रही है वह अत्यंत ही व्यापक हें उसके सुन्दर स्वरुप का वर्णन करनें में शब्द कम पड जाएंगे।

# ग्राम बीड सरकार में बच्चों को वस्त्र वितरण किए

## पुलिस प्रशासन ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

ग्राम बीड सरकार में पुलिस प्रशासन की ओर से सामाजिक सरोकार के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों को कपड़े वितरित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुंगावली की एसडीओपी सनम बी. खान मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर एसडीओपी सनम बी. खान ने बच्चों को वस्त्र वितरित करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के बच्चों को सहयोग और प्रोत्साहन देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का विकास होना आवश्यक है ताकि वे भविष्य में समाज और देश का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। एसडीओपी ने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई-लिखाई, रुचियों



और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय जाने और अनुशासन में रहने की सीख दी। इस अवसर पर रीडर एसडीओपी मुंगावली एएसआई सुमरन कुड़ापे एवं आरक्षक ओपेन्द्र गुर्जर भी उपस्थित रहे।

पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बच्चों को स्नेहपूर्वक वस्त्र वितरित किए और उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और जरूरतमंदों को संबल मिलता है।

एसडीएम के सख्त निर्देशों के बावजूद नियमों की अनदेखी कर रही रेलवे की एजेंसियां

# रेलवे ठेकेदार ने फिर की ब्लास्टिंग घरों में नुकसान, नहीं हई जनहानि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़





भोपाल-रामगंज प्रोजेक्ट के तहत जिले की सीमा सहित राजगढ़ नगर के पाटन रोड पर रेलवे लाइन का कार्य दुरत गति से जारी है। लेकिन केंद्र सरकार की इस महती परियोजना को जल्द से जल्द निपटाने के चक्कर में रेलवे द्वारा निर्धारित एजेंसियों एवं ठेकेदारों द्वारा सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर रहवासी क्षेत्रों, कॉलोनियों के समीप बगैर निर्धारित मापदंडों को पूरा किए कभी भी ब्लास्टिंग की जा रही है।

करीब तीन माह पहले एसडीएम निधि भारद्धाज द्वारा दिए गए तल्ख निर्देशों के बावजूद कल हार्डरॉक(कठोर पत्थरों) को तोड़ने रेलवे के ठेकेदार द्वारा एक बार फिर से ब्लास्टिंग की गई। ब्लास्टिंग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कईं किलो वजनी पत्थर आसपास के घरों तक गिरे जिनसे कुछ घरों में नुकसान हुआ है। गनीमत से सिर्फ मकानों को नुकसान पहुंचा है।

बगैर सूचना अचानक की गई इस ब्लास्टिंग की तेज आवाज के साथ घरों, सड़कों पर बड़े-बड़े पत्थर, बोल्डर गिरने से कॉलोनीवासी सकते में आ गए। इस दौरान आसपास टहल रहे लोगों और सड़क क्रॉस रहे कॉलोनीवासियों, ग्रामीणों सहित अन्य लोगों ने जैसे-तैसे अपने आप को बचाया।

## इनके घरों में हुआ नुकसान

ब्लास्टिंग के चलते हेडगेवार कॉलोनी निवासी सुनील दुबे के मकान की गैलरी टूट गई वहीं शिव मेवाड़े के मकान को भी नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही आसपास के कुछ घरों की दीवारों पर बड़े-बड़े पत्थर, बोल्डरों से दरारें पड़ गईं।

## एसडीएम के सख्त निर्देशों की भी अवहेलना

उल्लेखनीय है कि अगस्त और सितंबर माह के दौरान भी रेलवे ठेकेदार द्वारा बगैर सूचना दिए इसी तरह अचानक ब्लास्टिंग की गई थी जिससे कईं घरों, वाहनों में खासा नुकसान हुआ था। मंदिर के आसपास खेल रहे कुछ बच्चे सहित श्रृद्धालु उस समय बाल-बाल बचे थे। घटना को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम निधि भारद्धाज तुरंत मौके पर पहुंची थी तब संबंधित ठेकेदार ब्लास्टिंग की अनुमति से संबंधित आधे-अधूरे कागजात ही प्रस्तुत कर पाया था। इस पर एसडीएम ने समस्त रिकार्ड को जब्त करवा लिया था। इसके बावजूद कल फिर से बगैर सूचना और सुरक्षा मापदंडों पर ध्यान दिए की गई ब्लास्टिंग से कॉलोनीवासियों में खासा रोष व्याप्त है।

## साप्ताहिक हाट-बाजार का भी नहीं रखा ध्यान

आपको बतादें कि हर बुधवार को मुख्यालय पर साप्ताहिक हाट-बाजार रहता है जिसमें पाटन और आसपास के कईं ग्रामीणों खरीदारी करने आया करते हैं। ऐसे में इस दिन ब्लास्टिंग करने पर पूर्व से मनाही है। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए ब्लास्टिंग करवाई गई।

### इनका कहना है...

अगर निर्धारित मापदंड पूरा किए फिर से ब्लास्टिंग करवाई गई है तो मै अभी दिखवाती हूं।

- निधि भारद्धाज, एसडीएम, राजगढ़

## लोकायुक्त में हुई शिकायत पर जिला पंचायत सीईओ ने की कार्रवाई

**राजगढ़।** लोकायुक्त भोपाल से प्राप्त शिकायत के आधार पर जिला पंचायत राजगढ़ के अंतर्गत जनपद पंचायत खिलचीपुर की ग्राम पंचायत बारोल में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित वित्तीय अनियमितता के प्रकरण की जांच कराई गई। जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले द्वारा करवाई गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि ग्राम पंचायत बारोल के दो आवास हितग्राही मदन गाडरी एवं प्रकाश पिता बाबरू द्वारा आवास निर्माण हेतु स्वीकृत एवं प्राप्त राशि के उपरांत भी आवास निर्माण कार्य नहीं कराया गया। उक्त प्रकरण में मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत संबंधित सचिवगण रतनलोधा, कंवरलाल एवं मोड़सिंह तथा आवास हितग्राही मदन गाडरी एवं प्रकाश के विरुद्ध वसूली प्रकरण दर्ज किया गया। सभी संबंधित अनावेदकों एवं आवास हितग्राहियों को प्रकरण में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु समय-समय पर नोटिस जारी किए गए। प्रकरण में केवल अनावेदक रतनलोधा द्वारा उपस्थिति दर्ज कराई गई, जबकि शेष अनावेदक एवं आवास हितग्राही लगातार अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित व्यक्तियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा वसूली राशि का निर्धारण किए जाने के उद्देश्य से संबंधितों को जमानती वारंट जारी किए गए हैं। प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई प्रचलन में है।

पुलिस की तीन अलग-अलग टीमों ने घेराबंदी की

# डकैती की योजना बनाते पारदी गैंग के 10 बदमाश धराए



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

गुना, अशोकनगर सहित आसपास के जिलों के बाद अब पारदी गैंग राजगढ़ जिले में भी सक्रिय हो चुकी है। राजगढ़ जिला पुलिस की टीम ने राजगढ़-खिलचीपुर के मध्य स्थित नायरा पेट्रोल पंप पर डकैती की योजना बना रहे पारदी गैंग के 10 हथियारबंद बदमाशों को चोरी की मोटर साइकिलों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राजगढ़ नगर के सर्राफा बाजार में हुई डकैती व सारंगपुर में हुई वारदात का आरोपी भी शामिल है। यह सभी आरोपी जालपा माता की पहाड़ी के समीप हथियारों से लैस होकर डकैती की योजना बना रहे थे कि कौन पंप के कर्मचारियों को हथियारों से कवर करेगा, कौन हाईवे पर निगरानी करेगा, कौन ऑफिस में घुसकर नकदी लूटेगा। आरोपी अपने मंसूबे में सफल हो पाते इसके पूर्व ही पुलिस को अपने मुखबिरों से मिली सूचना के उपरान्त तत्काल तीन टीमें गठित की गई। पुलिस टीमों द्वारा की गई चैतरफा घेराबंदी के दौरान आरोपियों ने भागने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो पाए।

**ये आरोपी किए गए गिरफ्तार-** पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में बना साहब पिता घुरीलाल पारदगी निवासी छोटी कनारी, महावीर पिता बाबू पारगी निवासी बीलाखेड़ी, घासी पिता साधु पारदगी निवासी छोटी कनारी, सिकंदर पिता बालचंद पारदी निवासी खेजड़ा, रामपाल पिता जगदीश पारदी निवासी बीलाखेड़ी, रामबाबू पिता जगन्नाथ पारदगी निवासी बीलाखेड़ी, सुरेश पिता बनेसिंह पारगी,, जाबाद पिता जावर पारदी, सहवाग पिता गोवर्धन पारदी एवं समीर पिता मुकद्दर पारदी निवासी मुरादपुर शामिल हैं।

घर-घर संपर्क कर दिया जा रहा आमंत्रण

# ब्यावरा में हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

नगर में आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। सकल हिंदू समाज एवं आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिदिन नगर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। गणमान्य नागरिकों से संपर्क कर उन्हें सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया जा रहा है। नगर में जगह-जगह ध्वज, बंदरवार, बैनर एवं पोस्टर लगाकर वातावरण को धार्मिक और उत्सवमय बनाया जा रहा है। साथ ही लोगों को सम्मेलन में सहभागिता के लिए अक्षत (पीले चावल) का वितरण किया जा रहा है तथा आमंत्रण पत्र भी घर-घर पहुंचाए जा रहे हैं।

आयोजन समिति के अनुसार 11 जनवरी को ब्यावरा नगर के आठ स्थानों पर एक साथ एवं एक ही समय हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में बुधवार को महाराणा प्रताप बस्ती में विशेष संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पीले चावल वितरित किए और लोगों को 11 जनवरी प्रातः 11 बजे मानस स्कूल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया।

जनसंपर्क अभियान के तहत शिवाजी नगर, तुलसी नगर, सुदामा नगर, कोली मोहल्ला, पंचशील कॉलोनी, राजगढ़ रोड सहित अन्य क्षेत्रों में भी संपर्क किया गया। इन क्षेत्रों में ध्वज, बंदरवार, बैनर और पोस्टर लगाकर आयोजन का संदेश प्रसारित किया गया। आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। समिति का अनुमान है कि सम्मेलन में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए सहभोज (सामूहिक भोजन) का आयोजन भी किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन को साधु-संत एवं समाज के प्रमुख वक्ता संबोधित करेंगे, जो समाज में एकता, समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देंगे। आयोजन समिति ने नगरवासियों सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

ग्राम सैदाबाद में पुलिस बल एवं ग्रामीणों ने किया माल्यार्पण

# अमर शहीद अंबाराम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

ग्राम सैदाबाद में अमर शहीद स्वर्गीय श्री अंबाराम जी मालवीय की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद अंबाराम मालवीय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सारंगपुर थाना पुलिस बल विशेष रूप से उपस्थित रहा। पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने शहीद के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में उनके द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस मौके पर एसआई परस्ते,आनंदीलाल भिलाला शासकीय एकाकृति स्कूल सैदाबाद के शिक्षक जितेंद्र सिंह, तेज सिंह सहित ग्राम सैदाबाद के समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बद्रीलाल मालवीय (पूर्व सरपंच), शिवनारायण मालवीय, निर्मल मेवाड़ा, दिलीप मेवाड़ा सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि शहीद अंबाराम मालवीय की शहादत आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम का समापन दो मिनट का मौन रखकर शहीद की आत्मा की शांति की प्रार्थना के साथ किया गया।

18 जनवरी को इंदौर में होना है इंडिया न्यूजीलैंड मैच


# टिकट बुकिंग के नाम पर राजगढ़ के युवक से की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

भारत और न्यूजीलैंड के बीच आगामी 18 जनवरी को इंदौर में खेले जाने वाले अंतिम मैच की टिकट बुकिंग के नाम पर राजगढ़ के युवक से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। युवक ने स्वयं एवं अपने भाई के नाम से दो टिकिट बुक करवाए थे। टिकट भी ई-मेल से संबंधित युवक को भेज दिए गए लेकिन बाद में मालूम हुआ कि वो ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ है।

## ऐसी की गई यह ठगी

नगर के बिरजीपुरा निवासी अभय ने इंडिया न्यूजीलैंड के बीच 18 जनवरी को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में आयोजित होने वाले मैच के लिए एक ऑनलाईन साईट पर संपर्क किया। इसके उपरान्त उस साईट से जुड़े ठगों ने दो टिकटों की बुकिंग के लिए 7 हजार 900 रुपए जमा करवाने बोला गया। पहले सिर्फ 15 फीसदी राशि ही जमा करवाने की बात कहते हुए टिकट भेजने की बात कही गई। इसके साथ ही कुछ ऑफर भी दिए गए।


MATCH: INDIA VS NEW ZEALAND

VENUE: Holkar Stadium, Indore

Date & Time: Wednesday . 18th Jan 2026| 1:30 pm

Category seats(2) WEST STAND FIRST FLOOR PREMIUM (2) 112,113.

Regards,
District By Zomato.

Ticket / Order Confirmation

अभय द्वारा 15 फीसदी राशि जमा करवाने के बाद उनके ई-मेल पर दो टिकट भी आ गए। बाद में अलग-अलग समय पर 1 हजार, 2 हजार इस तरह कुल 7 हजार 900 रुपए की राशि संजना मलिक नाम की महिला के खाते में डलवाई गई। बाद में जिन मोबाइल नंबरों से फोन किए जा रहे थे, उन पर संपर्क किया गया तो वे सब बंद मिले। इसके साथ ही ई-मेल पर प्राप्त टिकटों के भी फर्जी होना सामने आया।

विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत, विधायक ने तकनीकी ज्ञान पर दिया

# जनपद शिक्षा केंद्र की ब्लॉक स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी




**नरसिंहगढ।** जनपद शिक्षा केन्द्र द्वारा ब्लॉक स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन पुरानी कोतवाली परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। प्रदर्शनी में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान सहित अन्य विषयों से संबंधित आकर्षक एवं नवाचारपूर्ण मॉडल प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सभी विषयों का तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान भी अर्जित करना चाहिए, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला मंत्री सत्येन्द्र सिंह राठौड़, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, रमेश मालवीय, मुन्ना साहू, दिनेश नागर, मनोज जड़िया मौजूद रहे।

# घटिया निर्माण कार्य को लेकर वार्ड 10 पार्षद ने जताया विरोध



**जीरापुर।** गुणवत्ता विहीन घटिया निर्माण अनियमितताओं को लेकर नगर परिषद वार्ड क्रमांक 10 पार्षद प्रतिनिधि मनोहर बरेठा ने खुला आरोप लगाते हुए बताया कि घटिया निर्माण की यह पोल खुल रही जिसमें पैर के टसेरे से नाली पर बने चेंबर की सीमेंट कांक्रीट उखड़ रही है। नगर परिषद द्वारा नगर के मुख्य मार्ग बस स्टैंड पर मार्ग से जो नाली क्रांस हुई है उसके ऊपर बने चैंबर को कई बार बनाने के बावजूद उखड़ जाता है जिसके कारण निकलने वाले वाहन और आम राहगीरों को आयें दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस और किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा। तीन दिन पूर्व नाली के ऊपर बनाए गए चेंबर जो की घटिया निर्माण कार्य के कारण उखड़ गया उसको लेकर नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाए। इसी के साथ साथ पीपल्दा रोड स्थित मुक्तिधाम रोड पर भारी अव्यवस्थाओं का अम्बार है। पुरा रोड़ उखड़ा होकर गिट्टी रोड़ पर बिखरी हुई है ऐसे में मुक्ति धाम तक शवयात्रा को लेकर पहुंचना मुसीबतों से भरा होता है । पार्षद प्रतिनिधि ने मुक्ति धाम रोड़ पर सीमेंट कांक्रीट निर्माण की मांग की। सीएमओ हरीओम शर्मा का कहना चेंबर का मामला मेरे संज्ञान में विडियो वायरल के माध्यम से आया है में जांच करवाता हूं। नगर परिषद उपयंत्री बृजेश उपाध्याय का कहना चेंबर पर जो ढ़कान है उसे हटा कर नाली को खुदवाकर नीचा करेंगे जिससे ढ़लान बन जाएगा।

# डॉ. मंत्री टेटवाल ने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से की सौजन्य भेंट



**सारंगपुर।** प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सारंगपुर विधानसभा के विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर डॉ. टेटवाल ने श्री नबीन को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए वीरता, स्वाभिमान एवं नारी शक्ति की अमर प्रतीक रानी कमलापति जी की प्रतिमा भेंट की। आत्मीय वातावरण में हुई इस मुलाकात के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनसेवाभिमुख बनाने से जुड़े विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। डॉ. टेटवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक ढांचा निरंतर जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु केंद्र व प्रदेश स्तर पर समन्वय बढ़ाने पर भी चर्चा की। इस मुलाकात को आगामी संगठनात्मक गतिविधियों एवं जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## लोगों को सेविंग की आदत डालने शुरू हुआ बचत पखवाड़ा

राजगढ़। बैंक के ग्राहकों सहित आमजनों में बचत के महत्व को समझाने जिला सहकारी बैंक की समस्त शाखाओं एवं समितियों में बचत पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को राजगढ़ शाखा में बचत पखवाड़े के शुभारंभ पर सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिलीप चैहान ने बैंक के ग्राहकों, आमजनों, जमाकर्ताओं को छोटी-छोटी एवं बड़ी बचत से किस तरह भविष्य सुरक्षित रखा जा सकता है, इस बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि जिला सहकारी बैंक अपने जमाकर्ताओं को अन्य बैंकों की तुलना में अधिकतम 8 प्रतिशत की ब्याजदर प्रदान कर रहा है। बैंक में जमा राशि बीमित रहते हुए पूर्णतः सुरक्षित रहती है।

## अवैध रूप से ईंधन का परिवहन करते 2 धराए



**खुजनेर।** खुजनेर पुलिस द्वारा पचोंर बायपास पर जारी वाहन चेकिंग के दौरान अवैध रूप से ईंधन का परिवहन करते 2 पकड़ाए जिसमे एक मिनी पिकअप में 6 नीले रंग के डीजल से भरे ड्रम मिले जिसे मौके पर पुलिस द्वारा चेक किया गया उसमें 6 ड्रम डीजल से भरे मिले जिसमें बैठे दोनों व्यक्तियों से जब पुलिस द्वारा वैध दस्वावेज दिखाने को कहा पिकअप सवार दीपक सोंधीया बावड़ीखेड़ा रितेश चैहान बावड़ीखेड़ा द्वारा कोई वैध दस्वावेज नहीं दिखाए गए पुलिस ने पिकअप को जप्त कर दोनो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

नगर में रुके हुए विकास कार्य जन समस्याओं का अब होगा समाधान

# खिलचीपुर नगर परिषद को मिला स्थाई सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर



खिलचीपुर में नगर परिषद सीएमओ के बार बार ट्रांसफर के बाद आज सोमवार को नपा सीएमओ देवनारायण दांगी ने पदभार संभालते हुए नगर रुके हुए विकास कार्य जानकारी लेते हुए एवं जन समस्या संबंधित फाइलों पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने पत्रकार से चर्चा के दौरान बताया कि नगर के लोगों की जन समस्या के लिए ही हम हैं हमारा काम लोगों की जन सेवा करना हैं खिलचीपुर नगर में लोगों की व्याप्त जन समस्याओं पर ध्यान में रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशासन अध्यक्ष पार्षद जनप्रतिनिधि के सहयोग से हर समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगें। जहां पर आपसी तालमेल के साथ हर समस्याओं का निराकरण करेंगे। वहीं नगर में हुए घटिया निर्माण कार्यों में हुए भ्रष्टाचार के विकास कार्यों पर भी कार्यवाही कर नगर को स्वच्छ बनाने, ओर पीने योग्य शुद्ध पेयजल नगर वासियों को उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे । साथ ही इस कड़ाके की ठंड में नगर के जगह-जगह चैराहे पर अलाव जलनें की व्यवस्था की जायेगी जिससे लोगों को इस शीतलहर से थोड़ी राहत मिल सकेंगी। वही गाडगंगा नदी छोटे पुल के पटिये न लगना इसी तरह, गंदे नालों के पटिये भी अधूरे पड़े हैं, जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अमृत और पीएम स्वनिधी , स्वच्छ भारत मिशन, वित्तीय लेनदेन, जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं प्रशासनिक अस्थिरता के कारण ठप पड़ी थी। नागरिकों ने शासन से मांग की है कि खिलचीपुर नगर परिषद में जल्द स्थायी और पूर्णकालिक सीएमओ की नियुक्ति की जाए, ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके।

## 21 महीनों में बदले गए आठ सीएचओ

नगर परिषद में मार्च 2024 से दिसंबर 2025 तक, केवल 21 महीनों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) आठ बार बदले जा चुके हैं। लगातार बदलाव से कार्यप्रणाली पर सवालों के घेरे में थी। आज से पूर्व सारंगपुर नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनहरे को सारंगपुर के साथ-साथ खिलचीपुर नगर परिषद का प्रभार सौंपा था।जो 60 किलोमीटर दूर से खिलचीपुर नगर परिषद कार्यालय में कभी-कभार ही पहुंच रही थी, जिससे कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**कार्यालय नगर परिषद माचलपुर**
**जिला-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

Web-www.npmachalpur.com
Email ID- cmonpmach@gmail.com
Phon. No.07370-271127
cmomachalpur@mpurban.gov.in

क्रमांक/1411/न.प./2025
माचलपुर, दिनांक-16/09/2025

**दावा आपत्ति सूचना**

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र माचलपुर में वार्ड क्रं. 12 पानी की टंकी परिसर में दुकाने निर्माण कार्य किया जाना है, उक्त स्थल पर 12 पेड गुलमोहर के खड़े है जिसकों नगर परिषद माचलपुर द्वारा हटाया जावेगा अगर किसी भी नागरीक को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के अन्दर नगर परिषद माचलपुर में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं निर्धारित समय सीमा के उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**मु.न.पा. अधिकारी**
**नगर परिषद माचलपुर**